भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2987
गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों से उड़ानें

2987. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
श्री सुधीर गुप्ताः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में घरेलू उड़ान यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि विभिन्न हवाई अड्डों पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसी बहुत सी सुविधाओं का कम उपयोग किया जाता है क्योंकि निजी एयरलाइनों को वहां सेवाएं संचालित करने की अनुमति नहीं है;

(ग) यदि हां, तो इसके लिए अपेक्षित अनुमति नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं,

(घ) उन निजी एयरलाइनों की सूची क्या है जिन्होंने देश के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से सेवाएं संचालित करने की इच्छा व्यक्त की है;

(ङ) क्या सरकार का निजी क्षेत्र की एयरलाइनों को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से उड़ानें संचालित करने की अनुमति देने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (च): पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में घरेलू उड़ान यात्रियों का ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

चल रहे शीतकालीन अनुसूची-2024 के अनुसार, 06 अनुसूचित भारतीय वाहक, अर्थात मैसर्स एअर इंडिया, मैसर्स एअर इंडिया एक्सप्रेस, मैसर्स इंडिगो, मैसर्स स्पाइसजेट, मैसर्स एलाइंस एअर और मैसर्स अकासा एयर ने देश के विभिन्न हवाईअड्डों से विदेशी गंतव्यों के लिए अनुसूचित उड़ानें परिचालित करने के लिए आवेदन किया है।

एयरलाइनें दो देशों के बीच किए गए द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते, बाजार की मांग और अपनी संबंधित कंपनी की नीतियों के आधार पर विशिष्ट मार्ग पर अपने अंतरराष्ट्रीय उड़ान अनुसूची की योजना बनाती हैं।

अनुलग्नक

वर्ष 2021 - 22 से 2023 - 24 तक भारतीय हवाईअड्डों पर घरेलू यात्रियों की संख्या		
वर्ष	**यात्री (मिलियन में)**	**पिछले वर्ष की तुलना में % में वृद्धि**
2021-2022	166.80	58.5%
2022-2023	270.34	62.1%
2023-2024	306.79	13.5%

सीएजीआर 2 वर्ष	**35.6%**

*****